Forum PCS

UPPSC PRELIMS

QRS QUICK REVISION SERIES

Last-Minute Revision Notes

उत्तर प्रदेश विशेष

UP सामान्य ज्ञान • बजट 2026-27

इतिहास • भूगोल • संस्कृति • राजव्यवस्था • अर्थव्यवस्था

01 उत्तर प्रदेश: परिचय, भूगोल एवं जनसांख्यिकी	**04** राजव्यवस्था, पंचायती राज एवं कल्याण
02 इतिहास	**05** अर्थव्यवस्था एवं बजट 2026-27
03 कला, साहित्य, संस्कृति एवं खेल	**06** समसामयिकी एवं रैंक तालिकाएँ

तथ्य अक्टूबर 2026 तक समीक्षित एवं अद्यतन

विषय-सूची

उत्तर प्रदेश: परिचय एवं राज्य-प्रतीक 6

- नामकरण एवं प्रशासनिक विकास-क्रम 6
- एक दृष्टि में उत्तर प्रदेश 6
- राज्य-प्रतीक 7
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) एवं विशेष क्षेत्र 7
- पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल एवं बुंदेलखंड 8

मंडल, जनपद एवं नगरों की पहचान 9

- 18 मंडल एवं उनके 75 जनपद 9
- नगरों के उपनाम एवं विशेषताएँ 9
- शिक्षा संस्थान एवं प्रमुख औद्योगिक इकाइयाँ 10

भौतिक भूगोल: भू-आकृति, नदियाँ एवं जलवायु 12

- भू-आकृतिक प्रदेश 12
- प्रमुख नदियाँ 12
- झीलें, बाँध एवं नहरें 13
- जलवायु एवं मृदा 13

वन, वन्यजीव, खनिज एवं ऊर्जा 15

- वन एवं हरित आवरण 15
- राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य एवं बाघ आरक्षित क्षेत्र 15
- खनिज संपदा 16
- ऊर्जा 17

नदी-तट पर बसे नगर एवं स्थल-रूप 18

- नदी-तट पर प्रमुख नगर 18
- प्रमुख ताल एवं आर्द्रभूमियाँ 18

जनसांख्यिकी एवं जनगणना 20

- जनगणना 2011 के प्रमुख आँकड़े 20
- जनसंख्या अनुमान एवं नीति 21
- जनगणना 2027 (अद्यतन) 21

प्राचीन उत्तर प्रदेश: प्रागैतिहास से राजपूत काल तक 22

- प्रागैतिहासिक एवं वैदिक काल 22
- सोलह महाजनपदों में उत्तर प्रदेश के 8 22
- बौद्ध स्थल 22
- मौर्य, शुंग, कुषाण, गुप्त 23
- हर्ष, गुर्जर-प्रतिहार, गहड़वाल 23

मध्यकालीन उत्तर प्रदेश 24

- दिल्ली सल्तनत एवं शर्की राज्य 24

मुगल काल 24
अवध, रुहेलखंड एवं बुंदेलखंड 24

1857 का संग्राम एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तर प्रदेश 26

1857 की क्रांति 26
राष्ट्रीय आंदोलन 26

स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश: प्रमुख सुधार एवं संस्थान 28

भूमि एवं पंचायती सुधार 28
संवैधानिक एवं सांविधिक निकाय 29

उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्व एवं स्थान 30

स्वतंत्रता सेनानी एवं सुधारक 30
वैज्ञानिक एवं शोध संस्थान 30
संग्रहालय एवं पुस्तकालय 31

कला: संगीत, नृत्य, लोक-परंपराएँ एवं हस्तशिल्प 32

संगीत घराने 32
नृत्य एवं लोकनाट्य 32
लोकगीत 33
हस्तशिल्प, GI एवं एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) 33

साहित्य, भाषा एवं सांस्कृतिक संस्थाएँ 35

भक्ति-काल एवं मध्यकालीन साहित्य 35
आधुनिक हिंदी साहित्य 35
भाषा, बोलियाँ एवं भाषा-संस्थान 36
भारत रत्न: उत्तर प्रदेश से संबद्ध 36

पर्यटन, मेले, धरोहर एवं महाकुंभ 38

पर्यटन: नवीनतम स्थिति 38
पर्यटन परिपथ (पर्यटन नीति 2022) 38
विश्व धरोहर एवं प्रमुख स्मारक 39
प्रमुख मेले एवं उत्सव 39

जनजातियाँ, खेल एवं सम्मान 41

अनुसूचित जनजातियाँ 41
खेल एवं खिलाड़ी 41

शासन व्यवस्था: कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका 42

राज्य की संस्थाएँ 42
मुख्यमंत्री (स्वतंत्रता के बाद) 42
प्रशासनिक ढाँचा 43

पंचायती राज, स्थानीय निकाय एवं सामाजिक कल्याण 45

त्रि-स्तरीय पंचायती राज (2024-25) 45
ग्रामीण विकास की प्रमुख योजनाएँ 45

सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण (आर्थिक समीक्षा 2025-26) 46

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था: आर्थिक समीक्षा 2025-26 की झलक 48

अर्थव्यवस्था का आकार एवं वृद्धि 48
अर्थव्यवस्था की संरचना 48
बैंकिंग एवं वित्तीय समावेशन (दिसंबर 2025) 49
रोज़गार, महँगाई एवं निर्धनता 50

उत्तर प्रदेश बजट 2026-27 51

एक दृष्टि में 51
व्यय एवं प्रतिबद्ध दायित्व 52
प्राप्तियाँ 53
घाटा, ऋण एवं बिजली वितरण कंपनियाँ 53
16वाँ वित्त आयोग (2026-31) एवं उत्तर प्रदेश 54

बजट 2026-27: नई एवं निरंतर योजनाएँ 55

नई घोषणाएँ (27) 55
निरंतर योजनाएँ (प्रमुख आवंटन) 56

कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य पालन 58

कृषि: मुख्य सूचक 58
गन्ना एवं चीनी उद्योग 58
बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण 59
पशुपालन एवं डेयरी 59
मत्स्य पालन 60

उद्योग, निर्यात, निवेश एवं नीतियाँ 61

औद्योगिक प्रदर्शन 61
निर्यात 61
निवेश 62
प्रमुख औद्योगिक नीतियाँ 62

अवसंरचना: सड़क, रेल, मेट्रो, विमानन एवं जलमार्ग 63

एक्सप्रेसवे ('एक्सप्रेसवे प्रदेश') 63
सड़क, वाहन एवं परिवहन 64
रेल, मेट्रो, विमानन, जलमार्ग 64

स्वास्थ्य एवं शिक्षा 66

स्वास्थ्य अवसंरचना (2025) 66
स्वास्थ्य बीमा 66
मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण 67
स्कूली शिक्षा (UDISE+ 2024-25) 67
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा 68

खाद्य प्रबंधन, श्रम एवं रोज़गार, पर्यावरण 69

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (दिसंबर 2025) 69

श्रम एवं रोज़गार 69
पर्यावरण एवं जलवायु पहल 70

समसामयिकी: 2025-26 की प्रमुख घटनाएँ 71

तिथि-क्रम में प्रमुख घटनाएँ 71
नवीनतम उपलब्धियाँ एवं रैंकिंग 72

प्रथम / शीर्ष स्थान: त्वरित पुनरावृत्ति तालिकाएँ 73

उत्तर प्रदेश देश में प्रथम (आर्थिक समीक्षा 2025-26) 73
अन्य स्थान (उत्तर प्रदेश) 74
संख्याएँ जो बार-बार पूछी जाती हैं 74

अध्याय 01

उत्तर प्रदेश: परिचय एवं राज्य-प्रतीक

नामकरण एवं प्रशासनिक विकास-क्रम

वर्ष	स्वरूप / नाम	टिप्पणी
1836	उत्तर-पश्चिमी प्रांत	आगरा को मुख्यालय बनाकर पृथक प्रांत
1877	उत्तर-पश्चिमी प्रांत एवं अवध	अवध के मुख्य आयुक्त का पद उसी लेफ्टिनेंट गवर्नर के अधीन
1902	आगरा एवं अवध संयुक्त प्रांत	आधिकारिक नाम; प्रचलित नाम संयुक्त प्रांत
1920	राजधानी इलाहाबाद से **लखनऊ**	उच्च न्यायालय इलाहाबाद में ही रहा
1937	संयुक्त प्रांत	प्रांतीय स्वायत्तता; **विधान सभा का प्रथम गठन जुलाई 1937**
24 जनवरी 1950	**उत्तर प्रदेश**	संविधान लागू होने के साथ नया नाम; **पं. गोविंद बल्लभ पंत** प्रथम मुख्यमंत्री
1 नवंबर 1956	राज्य पुनर्गठन	राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के बाद भी क्षेत्र लगभग अपरिवर्तित
9 नवंबर 2000	उत्तरांचल (अब उत्तराखंड) का पृथक्करण	13 जिले अलग; विधान सभा 425 से घटकर **403**

- 1949 में रियासतें **रामपुर, बनारस एवं टिहरी-गढ़वाल** संयुक्त प्रांत में विलीन हुईं
- 2018 में **इलाहाबाद** का नाम **प्रयागराज** तथा **फ़ैज़ाबाद** (जिला-मंडल) का नाम **अयोध्या** किया गया

एक दृष्टि में उत्तर प्रदेश

संकेतक	तथ्य
क्षेत्रफल	लगभग **2,40,928 वर्ग किमी** (भारत का 7.3%); क्षेत्रफल में **चौथा** (राजस्थान > मध्य प्रदेश > महाराष्ट्र > उत्तर प्रदेश)
अक्षांश / देशांतर	23°52' उ. से 30°24' उ. / 77°5' पू. से 84°38' पू.
जनसंख्या (जनगणना 2011)	**19,98,12,341** (भारत का 16.5%); जनसंख्या में **प्रथम**
अनुमानित जनसंख्या (मार्च 2026)	**25.19 करोड़** (भारत का 17.8%) — PFI अनुमान
घनत्व / लिंगानुपात (2011)	829 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी (चौथा) / 912 (राष्ट्रीय 943)
साक्षरता (2011)	67.68% (पुरुष 77.28%, महिला 57.18%); PLFS 2023-24 में पुरुष 86.0%, महिला 70.4%
नगरीकरण (2011)	22.28% — ग्रामीण जनसंख्या 77.7%
जिले / मंडल	**75** जिले / **18** मंडल; तहसील लगभग 351
संसदीय सीटें	लोक सभा **80** (SC के लिए 17), राज्य सभा **31**

संकेतक	तथ्य
विधान सभा / विधान परिषद	**403** (84 SC + 2 ST आरक्षित) / **100** सदस्य
उच्च न्यायालय	**प्रयागराज** (स्थापना 17 मार्च 1866); एक पीठ लखनऊ में
राजधानी	लखनऊ; राजभाषा **हिंदी** (देवनागरी), द्वितीय राजभाषा **उर्दू** (1989 से)
मुख्यमंत्री / राज्यपाल	योगी आदित्यनाथ (19 मार्च 2017 से) / आनंदीबेन पटेल (राज्यपाल के रूप में सर्वाधिक अवधि वाली)

राज्य-प्रतीक

प्रतीक	विवरण
राज्य पशु	**बारहसिंगा**
राज्य पक्षी	**सारस क्रौंच** (विश्व का सबसे ऊँचा उड़ने वाला पक्षी); 2025 में गणना 20,281
राज्य वृक्ष	**अशोक**
राज्य पुष्प	**पलाश (टेसू)** — 4 जनवरी 2011 से
राज्य खेल	**हॉकी**
राज्य चिह्न	वृत्त में दो मछलियाँ, धनुष-बाण — 1938 में स्वीकृत
उत्तर प्रदेश दिवस	**24 जनवरी** (2018 से राज्य स्तर पर मनाया जाता है)

प्रारंभिक परीक्षा संकेत

सीमावर्ती राज्य: **8 राज्य + 1 केंद्रशासित प्रदेश (दिल्ली)** — उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार; इसके अतिरिक्त **नेपाल** से अंतरराष्ट्रीय सीमा

सबसे लंबी सीमा **मध्य प्रदेश** से, सबसे छोटी सीमा **हिमाचल प्रदेश** से

चरम जिले: पूर्व में **बलिया**, पश्चिम में **शामली**, उत्तर में **सहारनपुर**, दक्षिण में **सोनभद्र**

सबसे बड़ा जिला (क्षेत्रफल) **लखीमपुर खीरी**; सबसे छोटा **हापुड़**

नेपाल से लगे 7 जिले: **पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज**

सोनभद्र की सीमा चार राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार) से लगती है — सर्वाधिक सीमावर्ती राज्यों वाला जिला

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) एवं विशेष क्षेत्र

- उत्तर प्रदेश के **8 जिले NCR** में हैं: मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, मुज़फ़्फ़रनगर, शामली
- **राज्य राजधानी क्षेत्र (SCR):** लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, उन्नाव (छह जिले)
- **काशी-विंध्य क्षेत्र** विकास प्राधिकरण गठित; प्रयागराज-चित्रकूट क्षेत्र प्राधिकरण प्रक्रियाधीन
- जिलों के मुख्यालय भिन्न नाम वाले: संभल (पवासा), गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), कानपुर देहात (माती-अकबरपुर), फ़र्रुख़ाबाद (फतेहगढ़), जालौन (उरई), कौशांबी (मंझनपुर), अमेठी (गौरीगंज), संत कबीर नगर (खलीलाबाद), कुशीनगर (पडरौना), सिद्धार्थनगर (नौगढ़), अंबेडकर नगर (अकबरपुर), सोनभद्र (रॉबर्ट्सगंज)

पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल एवं बुंदेलखंड

क्षेत्र	विशेषता
पश्चिमी उत्तर प्रदेश (पश्चिमांचल)	गंगा-यमुना दोआब; गन्ना, गेहूँ; औद्योगिक रूप से सर्वाधिक विकसित — निवेश परियोजनाओं का 63.72%
मध्य उत्तर प्रदेश (मध्यांचल / अवध)	गंगा-गोमती-घाघरा का मैदान; राजधानी लखनऊ; निवेश परियोजनाओं का 15.29%
पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल)	घनी जनसंख्या, कृषि-प्रधान; निवेश परियोजनाओं का 16.40%
बुंदेलखंड	विंध्य पठार; जल-संकट; **बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (BIDA)** की स्थापना; निवेश का 4.58%

अध्याय 02

मंडल, जनपद एवं नगरों की पहचान

18 मंडल एवं उनके 75 जनपद

मंडल (मुख्यालय)	जनपद
सहारनपुर (3)	सहारनपुर, मुज़फ़्फ़रनगर, शामली
मुरादाबाद (5)	मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल
बरेली (4)	बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर
मेरठ (6)	मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़
अलीगढ़ (4)	अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज
आगरा (4)	आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मथुरा, मैनपुरी
कानपुर (6)	कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फ़र्रुख़ाबाद
झाँसी (3)	झाँसी, जालौन, ललितपुर
चित्रकूट (बाँदा; 4)	बाँदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा
प्रयागराज (4)	प्रयागराज, कौशांबी, फ़तेहपुर, प्रतापगढ़
लखनऊ (6)	लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी
अयोध्या (5)	अयोध्या, अंबेडकर नगर, अमेठी, बाराबंकी, सुल्तानपुर
देवीपाटन (गोंडा; 4)	गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर
बस्ती (3)	बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर
गोरखपुर (4)	गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया
आज़मगढ़ (3)	आज़मगढ़, मऊ, बलिया
वाराणसी (4)	वाराणसी, चंदौली, ग़ाज़ीपुर, जौनपुर
मिर्ज़ापुर (3)	मिर्ज़ापुर, भदोही, सोनभद्र

- सर्वाधिक जनपदों वाले मंडल: **मेरठ, कानपुर, लखनऊ** (6-6); न्यूनतम (3): सहारनपुर, झाँसी, बस्ती, आज़मगढ़, मिर्ज़ापुर
- **मंडल-मुख्यालय जनपद-मुख्यालय से भिन्न:** चित्रकूट मंडल — बाँदा; देवीपाटन — गोंडा

नगरों के उपनाम एवं विशेषताएँ

नगर / जनपद	उपनाम या पहचान
लखनऊ	नवाबों का शहर, 'तहज़ीब का शहर'; चिकनकारी, अवधी व्यंजन; **गंगा-जमुनी तहज़ीब**; AI सिटी; UNESCO गैस्ट्रोनॉमी नगर (2025); लखनऊ आम 'दशहरी' मलिहाबाद

नगर / जनपद	उपनाम या पहचान
वाराणसी (काशी, बनारस)	विश्व की प्राचीनतम नगरियों में; **घाटों का शहर**; मंदिरों की नगरी; बनारसी साड़ी; UNESCO संगीत नगर (2015)
प्रयागराज	संगम नगरी; तीर्थराज; हाई कोर्ट एवं UPPSC; 'पूर्व का ऑक्सफ़ोर्ड'; अमरूद
आगरा	ताजनगरी; पेठा, ज़री, चमड़ा-जूता उद्योग, संगमरमर पच्चीकारी
कानपुर	उत्तर भारत का मैनचेस्टर; चमड़ा उद्योग; ड्रोन सिटी; **HAL**
मेरठ	1857 की क्रांतिभूमि; खेल का सामान; कैंची; गजक-रेवड़ी; **क्रांतिधरा**
अलीगढ़	**ताला नगरी**; AMU; हार्डवेयर उद्योग
फ़िरोज़ाबाद	काँच / चूड़ी नगरी — 'सुहाग नगरी'
मुरादाबाद	**पीतल नगरी**; धातु-शिल्प का निर्यात
कन्नौज	**इत्र नगरी**; इत्र का GI; परफ़्यूम पार्क
भदोही	**कालीन नगरी**
सहारनपुर	लकड़ी की नक्काशी; देवबंद (दारुल उलूम); शाकुंभरी देवी
बरेली	झुमका; सुरमा; बाँस का फ़र्नीचर; ज़री-ज़रदोज़ी; आँवला (इफको संयंत्र)
गोरखपुर	गोरखनाथ मठ; टेराकोटा; गीता प्रेस; AIIMS; रेलवे का मुख्यालय (पूर्वोत्तर रेलवे)
झाँसी	वीरांगना नगरी; BHEL; बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार
अयोध्या	रामनगरी; सप्तपुरी में प्रथम; राम मंदिर
मथुरा	कृष्ण जन्मभूमि; तेल शोधक कारखाना (IOCL, 1982); पेड़े
जौनपुर	**शिराज़-ए-हिंद**; अटाला मस्जिद; इमरती
बलिया	**बाग़ी बलिया**; भृगु ऋषि; ददरी मेला
मिर्ज़ापुर	विंध्याचल; कालीन; चुनार का किला एवं पत्थर
चित्रकूट	राम की वनवास-स्थली; कामदगिरि; रानीपुर बाघ आरक्षित क्षेत्र
रामपुर	रज़ा लाइब्रेरी; रामपुरी चाकू; रामपुर-सहसवान घराना
नोएडा / गौतमबुद्ध नगर	आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स हब; फ़िल्म सिटी; जेवर हवाई अड्डा; निर्यात में प्रथम (50.7%)
कुशीनगर	बुद्ध का महापरिनिर्वाण स्थल; अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
देवबंद (सहारनपुर)	दारुल उलूम देवबंद (1866)
बिठूर (कानपुर)	नाना साहब; वाल्मीकि आश्रम; लव-कुश की जन्मभूमि (मान्यता)
खुर्जा (बुलंदशहर)	चीनी मिट्टी के बर्तन
सारनाथ (वाराणसी)	बौद्ध तीर्थ; राष्ट्रीय प्रतीक

शिक्षा संस्थान एवं प्रमुख औद्योगिक इकाइयाँ

संस्थान / इकाई	स्थान
BHU (1916)	वाराणसी

संस्थान / इकाई	स्थान
AMU (1920)	अलीगढ़
इलाहाबाद विश्वविद्यालय (1887)	प्रयागराज
लखनऊ विश्वविद्यालय (1921)	लखनऊ
IIT कानपुर (1959)	कानपुर
IIM लखनऊ	लखनऊ
KGMU, SGPGI, लोहिया संस्थान	लखनऊ
AIIMS	गोरखपुर, रायबरेली
डीज़ल रेल इंजन कारखाना (अब बनारस लोकोमोटिव वर्क्स)	वाराणसी
आधुनिक रेल कोच फ़ैक्टरी	रायबरेली (लालगंज)
हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स (HAL)	कानपुर, लखनऊ
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (BHEL)	झाँसी
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (BEL)	गाज़ियाबाद
भारतीय दूरसंचार उद्योग (ITI)	नैनी (प्रयागराज), रायबरेली
इफको (IFFCO) उर्वरक संयंत्र	फूलपुर (प्रयागराज), आँवला (बरेली)
तेल शोधक कारखाना (IOCL)	मथुरा
ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई	लखनऊ (रक्षा औद्योगिक गलियारा)
उर्वरक (HURL)	गोरखपुर (पुनः आरंभ)
सीमेंट	चुनार (मिर्ज़ापुर), सोनभद्र (चुर्क, डाला)
चीनी	पश्चिमी उत्तर प्रदेश; गोरखपुर, देवरिया

परीक्षा जाल

चित्रकूट मंडल का मुख्यालय **बाँदा** है; **देवीपाटन मंडल** का **गोंडा** — मंडल का नाम और मुख्यालय भिन्न

'मैनचेस्टर' = कानपुर; **'ताला नगरी' = अलीगढ़**; **'इत्र नगरी' = कन्नौज**; **'पीतल नगरी' = मुरादाबाद**; **'कालीन नगरी' = भदोही**

अध्याय 03

भौतिक भूगोल: भू-आकृति, नदियाँ एवं जलवायु

भू-आकृतिक प्रदेश

प्रदेश	क्षेत्र	विशेषता
हिमालयी उपक्षेत्र / भाबर-तराई	उत्तर में सहारनपुर से महाराजगंज तक	भाबर में नदियाँ विलीन; **तराई** दलदली, घने वन एवं उपजाऊ; गन्ना-धान
गंगा का मैदान (मध्य)	राज्य का लगभग 3/4 भाग	जलोढ़ मैदान; **बाँगर** (पुरानी जलोढ़) एवं **खादर** (नवीन जलोढ़)
दक्षिणी पठार	बुंदेलखंड एवं विंध्य	प्राचीन चट्टानें; **ग्रेनाइट-नीस**; सोनभद्र-मिर्ज़ापुर में कैमूर-विंध्य श्रेणी

- सर्वाधिक ऊँचाई वाला क्षेत्र दक्षिण में **सोनभद्र-मिर्ज़ापुर** की **कैमूर-विंध्य** श्रेणी है
- **भाबर** एवं **तराई** पेटी में अधिकांश प्राकृतिक वन; **दुधवा** तराई का प्रतिनिधि वन
- **बाँगर** ऊँचे मैदान (बाढ़ से मुक्त); **खादर** नदी-तल के निचले मैदान (प्रतिवर्ष बाढ़ग्रस्त)
- **बीहड़** (उत्खात भूमि) चंबल, यमुना, बेतवा के किनारे — इटावा सर्वाधिक प्रभावित

प्रमुख नदियाँ

नदी	उद्गम / विशेषता	उत्तर प्रदेश में महत्त्वपूर्ण नगर
गंगा	देवप्रयाग (भागीरथी + अलकनंदा); 28 जिलों से प्रवाह; बिजनौर के निकट प्रवेश	गढ़मुक्तेश्वर, कन्नौज, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गाज़ीपुर, बलिया
यमुना	यमुनोत्री; 19 जिलों में; सहारनपुर से प्रवेश	बागपत, मथुरा, आगरा, इटावा, कालपी, हमीरपुर, प्रयागराज
रामगंगा	उत्तराखंड (गढ़वाल); गंगा की सहायक; **कन्नौज** के निकट मिलती है	मुरादाबाद, बरेली
गोमती	**पीलीभीत** (माधोटांडा, फुलहर झील); जौनपुर को दो बराबर भागों में बाँटती है	लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर; **सैदपुर** (गाज़ीपुर) में गंगा से मिलन
घाघरा (सरयू)	तिब्बत (मापचा-चुंगो); नेपाल से; बहराइच-लखीमपुर सीमा; गंगा की सबसे बड़ी सहायक	अयोध्या, बहराइच; **छपरा** (बिहार) में गंगा से मिलन
राप्ती	नेपाल (हिमालय); गोरखपुर में प्रवाह	श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती, गोरखपुर
शारदा	कुमाऊँ (मिलम हिम-नद); पीलीभीत-नेपाल सीमा; टेढ़ी-मेढ़ी बहने वाली	खीरी, सीतापुर; सबसे लंबी नहर शारदा नहर
गंडक	नेपाल (धौलागिरि); बिहार में गंगा से मिलती है	महाराजगंज-कुशीनगर सीमा
चंबल	मध्य प्रदेश (जानापाव); **बीहड़** बनाने वाली	आगरा-इटावा; **राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य**

नदी	उद्गम / विशेषता	उत्तर प्रदेश में महत्त्वपूर्ण नगर
बेतवा	मध्य प्रदेश (रायसेन)	झाँसी, ललितपुर, हमीरपुर; यमुना में मिलती है
केन	मध्य प्रदेश (कैमूर)	बाँदा; यमुना में मिलती है
सोन	अमरकंटक	सोनभद्र; बिहार में गंगा में मिलती है
हिंडन	शिवालिक (सहारनपुर)	गाज़ियाबाद, नोएडा; यमुना में मिलती है
टोंस (तमसा)	मैहर के निकट	आज़मगढ़, मऊ, बलिया

- गंगा किनारे **26** तथा यमुना किनारे **10** नगर; सर्वाधिक प्रदूषित नदी **यमुना**; **कन्नौज से वाराणसी** तक गंगा सर्वाधिक प्रदूषित
- **गंगा** के **दाएँ** तट पर कानपुर, प्रयागराज; **बाएँ** तट पर वाराणसी
- **गंगा-यमुना का दोआब** पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक उपजाऊ क्षेत्र; **घाघरा-गंगा दोआब** गेहूँ की सर्वोच्च उत्पादकता का क्षेत्र
- झरने: **विन्डम**, **देवदरी**, **राजदरी** (चंदौली), **टांडा**, **कुसेहरा** (मिर्ज़ापुर) — सोन, टोंस, बेलन जैसी नदियाँ जल-प्रपात बनाती हैं

संख्याएँ याद रखें

गंगा: **28** जिले; यमुना: **19** जिले

सीमावर्ती नदियाँ: हरियाणा-उत्तर प्रदेश — **यमुना**; खीरी-बहराइच — **घाघरा**; पीलीभीत-नेपाल — **शारदा**; मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश-राजस्थान — **चंबल**

केन-बेतवा लिंक परियोजना: उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश; कुल लागत लगभग 44,605 करोड़ रुपये (उत्तर प्रदेश का हिस्सा 5,735.85 करोड़); झाँसी के निकट केन का बेतवा से संगम; लगभग 231 किमी नहर

गोमती जौनपुर को दो बराबर भागों में बाँटती है

झीलें, बाँध एवं नहरें

श्रेणी	नाम (जनपद)
प्रमुख झीलें	**बखिरा** (संत कबीर नगर) — एशिया की सबसे बड़ी बाढ़-मैदानीय आर्द्रभूमि; **सुरहा ताल** (बलिया); **रामगढ़ ताल** (गोरखपुर); **सुर सरोवर / कीठम** (आगरा); **बेनीताल / नैया** (प्रतापगढ़); **मदन सागर** (महोबा); **बरुआ सागर** (झाँसी); **सारसई नावर** (इटावा); **लीलौर** (बरेली); **फुलहर** (पीलीभीत)
प्रमुख बाँध	**रिहंद** (सोनभद्र, रिहंद नदी — गोविंद बल्लभ पंत सागर); **माताटीला** (ललितपुर, बेतवा — रानी लक्ष्मीबाई बाँध); **रामगंगा** (बिजनौर); **राजघाट** (ललितपुर); **ओबरा**; **मेजा** (मिर्ज़ापुर, बेलन); **जिरगो**; **अहरौरा**; **चंद्रप्रभा** (चंदौली)
मुख्य बैराज	**नरौरा** (गंगा), **लव-कुश** (कानपुर, गंगा), **गोकुल** (मथुरा, यमुना), **आगरा**, **हथनीकुंड** (हरियाणा-यमुना)

- **रिहंद बाँध** राज्य का सबसे बड़ा जलाशय है; **रामगंगा बाँध** सबसे ऊँचा
- **सिंचाई:** नलकूप मुख्य साधन; राज्य का सिंचित क्षेत्र **85.4%** (2024-25); नहरों की लंबाई **76,527 किमी**; **71 बाँध**; राजकीय नलकूप **36,094**
- सबसे पुरानी नहर: **पूर्वी यमुना नहर**; सबसे लंबी नहर: **शारदा नहर**; **ऊपरी गंगा नहर** (हरिद्वार से, 1854) विश्व बैंक-सहायता प्राप्त
- शहरों में सर्वाधिक भूजल दोहन वाला जनपद **आगरा**; भूजल सप्ताह **16-22 जुलाई**; मृदा दिवस **10 जून**

जलवायु एवं मृदा

- जलवायु **उपोष्ण मानसूनी**; ग्रीष्म 45°C तक, शीत में पाला; **दक्षिण-पश्चिम मानसून** (जून-सितंबर) से अधिकांश वर्षा; पूर्व से पश्चिम की ओर वर्षा घटती है

- **कृषि-जलवायविक क्षेत्र: 9** — भाबर एवं तराई; पश्चिमी मैदान; मध्य-पश्चिमी मैदान; दक्षिण-पश्चिमी अर्ध-शुष्क; मध्य मैदान; बुंदेलखंड; उत्तर-पूर्वी मैदान; पूर्वी मैदान; विंध्य

मृदा	क्षेत्र एवं विशेषता
जलोढ़ (बाँगर-खादर)	सर्वाधिक विस्तृत; गंगा-यमुना मैदान; गेहूँ, गन्ना, धान
भूड	पश्चिमी जिलों में बालू-प्रधान ऊँचे टीले
तराई मृदा	उत्तर में; नम, दलदली, ह्यूमस-युक्त; धान, गन्ना
लाल-पीली मृदा	विंध्य एवं बुंदेलखंड का पूर्वी भाग; कम उर्वर
काली मृदा (रेगुर)	बुंदेलखंड — झाँसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा; कपास, तिलहन
ऊसर (क्षारीय)	मैदानी भागों में; रेह; **ऊसर सुधार** हेतु जिप्सम

- राज्य में **8 मृदा समूह**, **20 पारिस्थितिक क्षेत्र**; **मृदा कटाव** — पश्चिम में जल-अपरदन अधिक; **अवनालिका** अपरदन इटावा, **पवन अपरदन** मथुरा-आगरा; परत अपरदन को '**किसान की मृत्यु**' कहते हैं
- **भूमि उपयोग 2023-24 (भारत सरकार):** शुद्ध बोया क्षेत्र **67.9%**, वन 7.4%, गैर-कृषि उपयोग 15.1%; राज्य आँकड़ों में 2024-25 में शुद्ध बोया क्षेत्र **69.3%**
- **शस्य सघनता:** 162.7% (2016-17) → **193.7%** (2024-25), राष्ट्रीय औसत लगभग 156%; सर्वाधिक **हाथरस (247%)**, न्यूनतम **बाँदा (151.5%)**
- भूमि-अभिलेख: **ULPIN (भू-आधार)** दिसंबर 2023 से — 14 अंकों की विशिष्ट भूखंड पहचान संख्या

अध्याय 04

वन, वन्यजीव, खनिज एवं ऊर्जा

वन एवं हरित आवरण

संकेतक (ISFR 2023, FSI)	मान
वन एवं वृक्ष आच्छादन	23,437.53 वर्ग किमी (2021) → **23,996.72 वर्ग किमी** (2023)
वृद्धि	559.19 वर्ग किमी (2.39%) — **छत्तीसगढ़ (683.62) के बाद देश में दूसरा**
भौगोलिक क्षेत्र में हिस्सा	9.18% (2017) → 9.73% (2021) → **9.96%** (2023)
वृक्षावरण वृद्धि 2021-23	उत्तर प्रदेश **5.17%** बनाम भारत 1.16%
वन कार्बन स्टॉक वृद्धि	उत्तर प्रदेश 2.46% बनाम भारत 1.13%
लक्ष्य	वन एवं वृक्ष आच्छादन **15%** (2030 तक)
वृक्षारोपण	2024-25 में **36.80 करोड़** (देश में सर्वाधिक); अभियान **'एक पेड़ माँ के नाम'**

- अधिकांश प्राकृतिक वन **भाबर-तराई** में; **सामाजिक वानिकी** योजना 1979-80 से; **वन महोत्सव** 1952 से (1-7 जुलाई); **वृक्ष बंधु पुरस्कार** 1998 से
- **कार्बन क्रेडिट वित्त योजना:** उत्तर प्रदेश देश में प्रथम; किसानों को पेड़ों द्वारा अवशोषित कार्बन-डाइऑक्साइड का भुगतान — प्रस्तावित 6 अमेरिकी डॉलर प्रति कार्बन क्रेडिट; साझेदार **TERI**
- **ग्रीन गोल्ड प्रमाण-पत्र** (नवजात के नाम पर पौधा), **हरित चौपाल** प्रत्येक ग्राम पंचायत में (2025)

राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य एवं बाघ आरक्षित क्षेत्र

- राष्ट्रीय उद्यान: केवल **दुधवा** (लखीमपुर खीरी; 1 फरवरी 1977)
- चिड़ियाघर: **नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान** (लखनऊ), **कानपुर प्राणि उद्यान**; गोरखपुर में **शहीद अशफ़ाक़ उल्ला खाँ प्राणि उद्यान**; **इटावा सफारी** पार्क
- **कुकरैल रात्रि सफारी, लखनऊ:** देश की प्रथम तथा विश्व की पाँचवीं रात्रि सफारी (सिंगापुर मॉडल)
- **जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र**, गोरखपुर (कैम्पियरगंज रेंज, 2024) — लाल सिर वाले गिद्ध का देश का पहला केंद्र

बाघ आरक्षित क्षेत्र	स्थान एवं स्थापना
दुधवा	लखीमपुर खीरी (किशनपुर + कतर्नियाघाट अभयारण्य); 1987-88
पीलीभीत	पीलीभीत-शाहजहाँपुर; **9 जून 2014**; TX2 पुरस्कार (बाघ संख्या दोगुनी करने पर)
अमानगढ़	बिजनौर (कॉर्बेट आरक्षित क्षेत्र का बफर, 2012)
रानीपुर	चित्रकूट; **19 अक्तूबर 2022** को अधिसूचित; उत्तर प्रदेश का **चौथा** बाघ आरक्षित क्षेत्र (लगभग 53,000 हेक्टेयर)

- **बाघ गणना 2022:** उत्तर प्रदेश में **205** बाघ (2006 में 109, 2018 में 173); देश के 5.6%
- **डॉल्फिन:** पहली राष्ट्रीय गणना 2024 (WII) — देश में 6,327 में से **उत्तर प्रदेश में 2,397** (सर्वाधिक)
- **सारस:** 17,329 (2021) → **20,281** (2025); सर्वाधिक इटावा, मैनपुरी, औरैया
- 2022 की गणना (चयनित): तेंदुआ 848; बारहसिंगा 6,334; गैंडा 53; घड़ियाल 2,876; चीतल 63,876

अभयारण्य (पक्षी विहार सहित)	जनपद एवं वर्ष
चंद्रप्रभा — सबसे पुराना	चंदौली; 1957
किशनपुर	लखीमपुर खीरी; 1972
कतर्नियाघाट	बहराइच; 1976
रानीपुर / महावीर स्वामी (सबसे छोटा)	चित्रकूट 1977 / ललितपुर 1977
राष्ट्रीय चंबल	आगरा-इटावा (उत्तर प्रदेश + मध्य प्रदेश + राजस्थान); 1979 — घड़ियाल एवं मगरमच्छ संरक्षण
कैमूर	मिर्ज़ापुर-सोनभद्र; 1982
हस्तिनापुर (सबसे बड़ा)	मेरठ-मुज़फ़्फ़रनगर-हापुड़-अमरोहा-बिजनौर; 1986
सोहागीबरवा	महराजगंज; 1987
सोहेलवा	बलरामपुर-गोंडा-श्रावस्ती; 1988
कछुआ वन्यजीव विहार	वाराणसी; 1989 — सबसे नवीन
नवाबगंज (पहला पक्षी विहार)	उन्नाव; 1984
समसपुर	रायबरेली; 1987
लाखबहोसी (सबसे बड़ा)	कन्नौज; 1988
सांडी / पार्वती अरगा / सामान / बखिरा	हरदोई / गोंडा / मैनपुरी / संत कबीर नगर; 1990
ओखला	गौतमबुद्ध नगर; 1990
सुरहा ताल	बलिया; 1991

- **रामसर स्थल: 10** (अप्रैल 2022 तक) — ऊपरी गंगा (ब्रिजघाट-नरौरा, 2005), नवाबगंज (2012), सरसई नावर (2019), पार्वती अरगा (2019), सामान (2019), सांडी (2019), समसपुर (2019), सूर सरोवर (2020), हैदरपुर आर्द्रभूमि (2021), बखिरा (2022); इनमें **हैदरपुर** बिजनौर में स्थित
- काला हिरण (कृष्णमृग) संरक्षण केंद्र: गभाना (अलीगढ़), कोरांव (प्रयागराज); **परियोजना हाथी** (1992): बिजनौर-सहारनपुर
- **इको-पर्यटन:** देश की प्रथम **जंगल सफारी विस्टाडोम रेल** (दुधवा-कतर्नियाघाट); **इको-टूरिज़्म विकास बोर्ड** 2022

खनिज संपदा

खनिज	प्रमुख क्षेत्र
चूना-पत्थर, संगमरमर, बराइट्स, एंडालुसाइट, डोलोमाइट, एस्बेस्टस, बलुआ पत्थर	मिर्ज़ापुर, सोनभद्र (डोलोमाइट बाँदा में भी)
कोयला	**सिंगरौली बेसिन**, सोनभद्र
मैग्नेसाइट	वाराणसी, बाँदा
ग्रेफ़ाइट	हमीरपुर
काँच-रेत (सिलिका बालू)	शंकरगढ़, प्रयागराज
पाइराइट्स, फ़ायर क्ले	सोनभद्र
यूरेनियम, ताँबा, फ़ॉस्फ़ेट-चट्टान, पैलेडियम, प्लैटिनम, डायस्पोर	ललितपुर

- **डायस्पोर** उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम; मौरंग (बालू) राज्य के खनिज राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत
- खनिज राजस्व 2024-25: **4,376.75 करोड़ रुपये** (राज्य राजस्व का 1.97%); प्रथम खनिज नीति 29 दिसंबर 1998

ऊर्जा

संकेतक	मान
स्थापित क्षमता	23.66 GW (मार्च 2017) → 33.82 GW (मार्च 2025) → **36.74 GW** (दिसंबर 2025): राज्य 9.86, केंद्र 11.63, निजी 15.25 GW
नवीकरणीय क्षमता	5.53 GW (2017) → 9.79 GW (दिसंबर 2025); सौर 2,815 MW
शीर्ष माँग	16,110 MW (मार्च 2017) → **31,486 MW** (जून 2025)
हानियाँ	रेखा हानि 21.47% → 13.77%; AT&C हानि 32.80% (2016-17) → **19.21%** (2024-25)
विद्युत संयोजन	180.13 लाख (2017) → 372 लाख; विद्युतीकृत मजरे 2,49,818

- **संरचना:** UPRVUNL (ताप: अनपरा, ओबरा, परीछा, हरदुआगंज, जवाहरपुर, पनकी) → UPJVNL (जल, **7** परियोजनाएँ, 524.90 MW) → UPPTCL (पारेषण) → UPPCL (होल्डिंग; **5** वितरण कंपनियाँ: पूर्वांचल-वाराणसी, मध्यांचल-लखनऊ, दक्षिणांचल-आगरा, पश्चिमांचल-मेरठ, केस्को-कानपुर)
- **घाटमपुर** (कानपुर नगर) 3 × 660 MW सुपरक्रिटिकल निर्माणाधीन; ओबरा-C, जवाहरपुर, पनकी में नई 660 MW इकाइयाँ; संयुक्त उद्यम: ओबरा-D (2×800), अनपरा-E (2×800), मेजा चरण-II (2×660)
- एकमात्र परमाणु बिजलीघर **नरौरा** (बुलंदशहर; 1989); जलविद्युत: रिहंद (पिपरी), ओबरा, माताटीला, परीछा, राजघाट
- **सौर पार्क:** नियोजित 3,840 MW; जालौन 1,200 MW (सबसे बड़ा), चित्रकूट 800, झाँसी 600, ललितपुर 600; कालपी 65 MW चालू
- **नीतियाँ:** सौर ऊर्जा नीति 2022 (22,000 MW लक्ष्य); जैव-ऊर्जा नीति 2022 — संपीड़ित बायोगैस (CBG) क्षमता में प्रथम (213 TPD); हरित हाइड्रोजन नीति 2024 (30-40% पूँजीगत अनुदान)
- **PM-KUSUM** के अंतर्गत नवंबर 2025 तक 86,128 सौर पंप; अयोध्या **आदर्श सौर नगर**
- सौर ऊर्जा नीति 2022 में **16 नगर निगम** एवं **नोएडा** को सौर नगर बनाने का लक्ष्य; आगरा, मुरादाबाद पूर्व से चयनित सौर नगर

अध्याय 05

नदी-तट पर बसे नगर एवं स्थल-रूप

नदी-तट पर प्रमुख नगर

नदी	नगर / स्थल
गंगा	गढ़मुक्तेश्वर, अनूपशहर, नरौरा, फ़र्रुख़ाबाद (फतेहगढ़), कन्नौज, बिठूर, कानपुर, प्रयागराज (संगम), मिर्ज़ापुर, वाराणसी, ग़ाज़ीपुर, बलिया; कालाकांकर (प्रतापगढ़); **नरौरा** परमाणु बिजलीघर
यमुना	बागपत, मथुरा, वृंदावन, गोकुल, आगरा, बटेश्वर, इटावा, कालपी, हमीरपुर, कौशांबी (अंशतः), प्रयागराज
गोमती	माधोटांडा (उद्गम), लखीमपुर खीरी, सीतापुर (मिश्रिख-नैमिषारण्य), लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, ग़ाज़ीपुर (सैदपुर)
घाघरा / सरयू	अयोध्या (सरयू), बहराइच, बाराबंकी, बलिया-देवरिया सीमा
राप्ती	श्रावस्ती, बलरामपुर, बस्ती (आंशिक), गोरखपुर, देवरिया
रामगंगा	मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, कन्नौज (संगम)
हिंडन	सहारनपुर, मुज़फ़्फ़रनगर, बागपत, गाज़ियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा
चंबल	आगरा, इटावा सीमा (बीहड़, घड़ियाल अभयारण्य)
बेतवा	झाँसी, ललितपुर, हमीरपुर; **केन** — बाँदा; **मंदाकिनी** — चित्रकूट; **सई** — प्रतापगढ़
सोन	सोनभद्र; **कर्मनाशा** — चंदौली-सोनभद्र सीमा (अशुभ नदी की लोकमान्यता)

- **गंगा** पर प्रमुख बैराज: **नरौरा, लव-कुश (कानपुर)**; **यमुना** पर: **गोकुल (मथुरा), आगरा**; **हथनीकुंड** हरियाणा में है, पर यमुना के जल का वितरण उत्तर प्रदेश सहित पाँच राज्यों से संबद्ध
- गंगा की सहायक: **रामगंगा, काली नदी, गोमती, घाघरा, गंडक, कोसी** (बाएँ); **यमुना, सोन** (दाएँ)
- गंगा की मुख्य धारा **भागीरथी + अलकनंदा** के देवप्रयाग में मिलने से बनती है; गंगा उत्तर प्रदेश में बिजनौर के निकट प्रवेश करती है तथा बलिया के निकट बाहर निकलती है

प्रमुख ताल एवं आर्द्रभूमियाँ

जनपद	झील / आर्द्रभूमि
संत कबीर नगर	**बखिरा**
बलिया	**सुरहा ताल**
गोरखपुर	**रामगढ़ ताल** — बाघ संरक्षण/नौका-विहार; शहर का आकर्षण
आगरा	**सूर सरोवर (कीठम)**
इटावा	**सारसई नावर**; इटावा सफारी
रायबरेली	**समसपुर**

जनपद	झील / आर्द्रभूमि
उन्नाव	**नवाबगंज**; **कुंडरा समुंदर**
हरदोई	**सांडी**
गोंडा	**पार्वती अरगा**
मैनपुरी	**सामान**; **सौज़**
महोबा	**मदन सागर**; विजय सागर पक्षी विहार
झाँसी	**बरुआ सागर**; लक्ष्मी ताल
बिजनौर	**हैदरपुर आर्द्रभूमि** (मुज़फ़्फ़रनगर सीमा पर; 2021 में रामसर)
मथुरा	**नौह झील**; **राधाकुंड, कुसुम सरोवर** (गोवर्धन)

- **उत्तर प्रदेश के 9 कृषि-जलवायविक क्षेत्र, 8 मृदा क्षेत्र, 20 पारिस्थितिक क्षेत्र** — सदैव याद रखें
- **सिंचाई के साधन:** नलकूप (72.17%) > नहर (19.44%) > तालाब (0.75%) — पुराने आँकड़े; सर्वाधिक नलकूप सिंचाई पश्चिमी उत्तर प्रदेश में; देश में नलकूप-सिंचित क्षेत्र में उत्तर प्रदेश प्रथम

अध्याय 06

जनसांख्यिकी एवं जनगणना

जनगणना 2011 के प्रमुख आँकड़े

संकेतक	उत्तर प्रदेश	भारत / टिप्पणी
कुल जनसंख्या	19,98,12,341	भारत का 16.5%; **प्रथम**
दशकीय वृद्धि 2001-11	20.09%	राष्ट्रीय 17.7%; 14वाँ स्थान
जनसंख्या घनत्व	829	राष्ट्रीय 382; **चौथा** (बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल के बाद)
लिंगानुपात	912	राष्ट्रीय 943
बाल लिंगानुपात (0-6 वर्ष)	902	2001 में 916 — गिरावट
साक्षरता	67.68%	राष्ट्रीय 74.04%; पुरुष 77.28%, महिला 57.18%
नगरीय जनसंख्या	22.28%	राष्ट्रीय 31.16%
अनुसूचित जाति	20.7%	अनुसूचित जाति लिंगानुपात 907; **आज़मगढ़** में सर्वाधिक (1,021)
अनुसूचित जनजाति	0.57%	अनुसूचित जनजाति लिंगानुपात 951

जनपदीय क्रम (2011)	विवरण
सर्वाधिक जनसंख्या	**प्रयागराज** (लगभग 59.5 लाख)
न्यूनतम जनसंख्या	**महोबा** (लगभग 8.8 लाख)
सर्वाधिक घनत्व	**गाज़ियाबाद** (लगभग 3,967)
न्यूनतम घनत्व	**ललितपुर** (लगभग 266)
उच्चतम लिंगानुपात	**जौनपुर** (1,024); इसके बाद आज़मगढ़ (1,019), देवरिया (1,017)
निम्नतम लिंगानुपात	**गौतमबुद्ध नगर** (लगभग 852)
सर्वाधिक साक्षर	**गौतमबुद्ध नगर** (लगभग 80.1%)
न्यूनतम साक्षर	**श्रावस्ती** (लगभग 46.7%)
बाल लिंगानुपात	उच्चतम बलरामपुर (950), संत कबीर नगर (942); निम्नतम बागपत (841), गौतमबुद्ध नगर (843)

परीक्षा जाल

लिंगानुपात और **बाल लिंगानुपात** में अंतर करें — जनपदों के क्रम अलग-अलग हैं

2011 के जनपदीय आँकड़े **वर्तमान 75 जनपदों** पर पुनर्गणित नहीं हैं; हापुड़, संभल, शामली आदि नए जनपदों के आँकड़े मूल जनपदों से पृथक करके देखे जाते हैं

जनगणना 2027 के बाद इन आँकड़ों का परिवर्तित होना निश्चित है — प्रश्न में 'जनगणना 2011 के अनुसार' देखें

जनसंख्या अनुमान एवं नीति

- **उत्तर प्रदेश की अनुमानित जनसंख्या (मार्च 2026): 25.19 करोड़** = भारत का 17.8%; विश्व का 3.0%
- यदि उत्तर प्रदेश देश होता तो जनसंख्या में **पाँचवाँ** स्थान (भारत, चीन, अमेरिका, इंडोनेशिया के बाद)
- अनुमान: 2031 में 26.65 करोड़; 2041 में 28.87 करोड़; 2051 में 30.72 करोड़ (स्रोत: पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया, नवंबर 2025)
- वार्षिक वृद्धि दर: 1.85% (2011) → 1.70% (2021) → अनुमानित **0.58%** (2026-51)
- **कुल प्रजनन दर:** NFHS-1 में 4.8; NFHS-2 में 4.0; NFHS-3 में 3.8; NFHS-4 में 2.7; **NFHS-5 में 2.4** (प्रतिस्थापन स्तर 2.1); SRS 2023 में 2.6
- जीवन प्रत्याशा 2011: पुरुष 62.5, महिला 65.0 वर्ष → 2051 तक क्रमशः 73.2 एवं 77.1 वर्ष का अनुमान
- जन्म के समय लिंगानुपात 111 (प्रति 100 कन्या पर बालक) — 2051 तक 104-106 का अनुमान
- **जनसंख्या नीति 2000** (11 जुलाई 2000): 2016 तक प्रजनन दर 2.1 का लक्ष्य; कन्या विवाह आयु 19.5 वर्ष; राजकीय सेवा में महिला आरक्षण 33%
- **कार्यशील जनसंख्या** (20-34 वर्ष) 2011-36 के बीच कुल जनसंख्या से तेज़ बढ़ेगी — जनांकिकीय लाभांश; उत्तर प्रदेश को **'भारत का युवा राज्य'** कहा जाता है

जनगणना 2027 (अद्यतन)

- **जनगणना 2027** की दो चरणों वाली प्रक्रिया — **प्रथम चरण: मकान सूचीकरण एवं आवास गणना**; **द्वितीय चरण: जनसंख्या गणना** (संदर्भ तिथि **1 मार्च 2027**, मध्यरात्रि)
- उत्तर प्रदेश में मकान सूचीकरण **22 मई से 20 जून 2026** तक संपन्न — प्रक्रिया में लगभग 1.04 लाख गाँव, 14,983 वार्ड, लगभग 3.90 लाख सूचीकरण खंड एवं लगभग पाँच लाख गणनाकार-पर्यवेक्षक
- जनगणना 2027 **डिजिटल** रूप से (मोबाइल ऐप) हो रही है तथा **जाति की गणना** भी इसमें सम्मिलित है
- प्रश्न में जनगणना 2011 के आँकड़े अब भी **आधिकारिक** हैं; 2027 के अंतिम आँकड़े अभी प्रकाशित नहीं हुए

अध्याय 07

प्राचीन उत्तर प्रदेश: प्रागैतिहास से राजपूत काल तक

प्रागैतिहासिक एवं वैदिक काल

- **पुरापाषाण:** बेलन घाटी (प्रयागराज, मिर्ज़ापुर) में पुरापाषाण से नवपाषाण तक की सांस्कृतिक परतें; बेलन नदी प्रयागराज की **सोरांव** तहसील में प्रवेश करती है
- **सोहागपुर (मिर्ज़ापुर)** में विश्व में प्रथम बार **शैल-चित्र** की खोज — **ए.सी.एल. कार्लाइल**
- **बिठूर** से 1822 में उत्तर भारत के प्रथम ताम्र उपकरण; इसके बाद अनेक स्थानों पर ताम्र-निधियाँ
- **हस्तिनापुर** (मेरठ) में उत्खनन — **बी.बी. लाल**; **चित्रित धूसर मृदभांड (PGW)** संस्कृति (महाभारत काल से संबद्ध); **अहिच्छत्र** (बरेली), **कौशांबी**, **श्रावस्ती**, **सोहगौरा** (गोरखपुर; ताम्रपत्र अभिलेख) प्रमुख पुरातात्त्विक स्थल
- **ऋग्वैदिक काल:** इटावा की **कृवि** जाति का भरतों से मैत्री संबंध; **दाशराज्ञ युद्ध** (रावी तट) में भरतों का सहयोग
- **उत्तर वैदिक काल:** सभ्यता का केंद्र गंगा-यमुना दोआब; **कुरु-पांचाल** प्रमुख राज्य

सोलह महाजनपदों में उत्तर प्रदेश के 8

महाजनपद	राजधानी	वर्तमान क्षेत्र
कुरु	इंद्रप्रस्थ (हस्तिनापुर)	मेरठ, दिल्ली, थानेसर
पांचाल	अहिच्छत्र (उत्तरी), कांपिल्य (दक्षिणी)	बरेली, बदायूँ, फ़र्रुख़ाबाद, कासगंज
शूरसेन	मथुरा	मथुरा के आसपास
वत्स	कौशांबी	प्रयागराज के निकट
काशी	वाराणसी	वाराणसी के निकट
कोशल	साकेत (अयोध्या), श्रावस्ती	अवध क्षेत्र
मल्ल	कुशीनगर, पावा	देवरिया-कुशीनगर
चेदि	शुक्तिमती	बाँदा एवं बुंदेलखंड

- **गणराज्य:** कपिलवस्तु के **शाक्य**, सुमसुमार गिरि के **भग्ग**, कुशीनगर-पावा के **मल्ल**, रामग्राम के **कोलिय**, पिप्पलिवन के **मोरिय**
- **मक्खलि गोशाल** (आजीवक संप्रदाय के संस्थापक) का जन्म श्रावस्ती के निकट

बौद्ध स्थल

स्थल	जनपद	महत्त्व
सारनाथ	वाराणसी	**प्रथम उपदेश** (धम्मचक्कपवत्तन); अशोक स्तंभ का सिंह-शीर्ष → **राष्ट्रीय प्रतीक**
कुशीनगर	कुशीनगर	**महापरिनिर्वाण**; मल्लों की राजधानी
श्रावस्ती	श्रावस्ती-बलरामपुर	कोशल की राजधानी; बुद्ध ने सर्वाधिक वर्षावास/उपदेश यहीं किए

स्थल	जनपद	महत्त्व
कपिलवस्तु (पिपरहवा)	सिद्धार्थनगर	बुद्ध की बाल्यभूमि; पिपरहवा से अस्थि-धातु पात्र
संकिसा	फ़र्रुख़ाबाद	त्रयस्त्रिंश स्वर्ग से अवतरण; अशोक का **हाथी-शीर्ष** स्तंभ
कौशांबी	कौशांबी	वत्स की राजधानी; अशोक स्तंभ (बाद में मुगल काल में प्रयाग स्थानांतरित)
देवदह	महाराजगंज	माता महामाया का मायका

- **बौद्ध सर्किट** का राज्य में पर्यटन विकास; **कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा** — राज्य के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में से एक (लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर, अयोध्या; जेवर सहित पाँच)

मौर्य, शुंग, कुषाण, गुप्त

- **अशोक** के स्तंभ-लेख: सारनाथ, प्रयागराज (कौशांबी से लाया गया), मेरठ (बाद में फ़िरोज़ शाह तुगलक द्वारा दिल्ली लाया गया), कौशांबी, संकिसा — **चुनार (मिर्ज़ापुर)** के बलुआ पत्थर का प्रयोग
- **शुंग:** पुष्यमित्र शुंग ने अंतिम मौर्य शासक बृहद्रथ की हत्या की; **अयोध्या** से शासन के प्रमाण (धनदेव का अभिलेख)
- **कुषाण: मथुरा कला शैली** — लाल बलुआ पत्थर; बुद्ध की मानव रूप में प्रतिमा; कनिष्क की सिर-रहित प्रतिमा; मथुरा द्वितीय राजधानी
- **गुप्त:** प्रारंभिक राज्य उत्तर प्रदेश-बिहार में; **प्रयाग** में राजधानी का महत्त्व; **प्रयाग प्रशस्ति** (हरिषेण; अशोक स्तंभ पर) में **समुद्रगुप्त** की विजयें; **भितरगाँव** (कानपुर) का ईंट-मंदिर; **देवगढ़ (ललितपुर)** का **दशावतार मंदिर**; मथुरा-सारनाथ कला
- **सारनाथ** की बुद्ध-प्रतिमा (धर्मचक्र मुद्रा) गुप्तकालीन मूर्तिकला की श्रेष्ठ कृति

हर्ष, गुर्जर-प्रतिहार, गहड़वाल

- **हर्षवर्धन:** राज्याभिषेक **606 ई.** कन्नौज; कन्नौज राजधानी; **ह्वेनसांग** (सी-यू-की) की यात्रा; प्रयाग में प्रत्येक पाँच वर्ष पर **महामोक्ष परिषद्** (सर्वस्व दान)
- **यशोवर्मन** (8वीं शताब्दी) ने कन्नौज को पुनः उत्कर्ष दिया
- **त्रिपक्षीय संघर्ष:** कन्नौज के लिए **पाल (बंगाल)**, **गुर्जर-प्रतिहार (उज्जैन)** एवं **राष्ट्रकूट (महाराष्ट्र-कर्नाटक)**; अंततः **नागभट्ट द्वितीय** ने प्रतिहार शासन स्थापित किया; **मिहिर भोज** (850-885) प्रतिहारों में प्रतापी
- **गहड़वाल:** कन्नौज-वाराणसी में; **जयचंद** को **1194 ई. में चंदावर (फ़िरोज़ाबाद)** में **मुहम्मद गोरी** ने पराजित किया
- **चंदेल:** बुंदेलखंड (महोबा-कालिंजर); **आल्हा-ऊदल** की वीरगाथा; **परमर्दिदेव** — पृथ्वीराज चौहान से संघर्ष

प्रारंभिक परीक्षा संकेत

8/16 महाजनपद उत्तर प्रदेश में; **सोहागपुर** — विश्व का प्रथम शैल-चित्र; **बिठूर** — उत्तर भारत के प्रथम ताम्र उपकरण
बुद्ध ने **ज्ञान बोध गया (बिहार)** में पाया, पर प्रथम उपदेश **सारनाथ**, अंतिम साँस **कुशीनगर** में
मथुरा शैली स्वदेशी; **गांधार शैली** में यूनानी प्रभाव — दोनों कुषाणकाल में
त्रिपक्षीय संघर्ष का केंद्र **कन्नौज**; **प्रतिहार** विजेता

अध्याय 08

मध्यकालीन उत्तर प्रदेश

दिल्ली सल्तनत एवं शर्की राज्य

- **इल्तुतमिश** (1210) ने राजधानी लाहौर से दिल्ली की; बदायूँ, संभल, कटेहर, भोजपुर, कड़ा आदि उपजाऊ क्षेत्र **इक़्ता** में बाँटे गए; **बदायूँ** सल्तनत का प्रमुख इक़्ता (इल्तुतमिश वहीं का इक़्तादार)
- **अमीर खुसरो** (पटियाली, कासगंज) — **'तूती-ए-हिंद'**; **मलिक मुहम्मद जायसी** (रायबरेली के जायस) — **पद्मावत**
- **शर्की वंश: 1394** में **मलिक सरवर (ख़्वाजा जहाँ)** द्वारा जौनपुर में स्थापित; जौनपुर **'शिराज़-ए-हिंद'**; **इब्राहीम शर्की** का काल उत्कर्ष; **अटाला मस्जिद**, जामा मस्जिद, लाल दरवाज़ा मस्जिद, झंझरी मस्जिद — शर्की स्थापत्य
- **सैयद-लोदी काल: सिकंदर लोदी** ने **1504** के आसपास **आगरा** नगर बसाया तथा इसे राजधानी का दर्जा दिया

मुगल काल

घटना / तथ्य	विवरण
पानीपत-खानवा के बाद	**बाबर** — **आगरा** में राजधानी; **चंदेरी (1528), घाघरा का युद्ध (1529)**
चौसा (1539), कन्नौज / बिलग्राम (1540)	शेरशाह सूरी ने **हुमायूँ** को हराया; **बिलग्राम (हरदोई)**
शेरशाह की मृत्यु	**1545**, **कालिंजर दुर्ग (बाँदा)** की घेराबंदी में
अकबर	**1556**; आगरा किला; **फ़तेहपुर सीकरी** (1571-85) — बुलंद दरवाज़ा (गुजरात-विजय, 1573 की स्मृति), पंचमहल, जोधाबाई महल, दीवान-ए-ख़ास; जल-संकट के कारण त्याग
बीरबल (महेश दास)	**कालपी (जालौन)**; **टोडरमल** | **लहरपुर (सीतापुर)**
जहाँगीर	**आगरा** में **इतिमाद-उद-दौला का मक़बरा** (नूरजहाँ द्वारा, पहली संगमरमर-इमारत जिसमें **पिएत्रा ड्यूरा** अलंकरण)
शाहजहाँ	**ताजमहल** (आगरा; 1632-53; यमुना तट); राजधानी का आगरा से दिल्ली स्थानांतरण (1648)
औरंगज़ेब	**छत्रसाल** (बुंदेलखंड) का लगभग 50 वर्ष संघर्ष; पेशवा बाजीराव की सहायता से विजयी

- **हुमायूँ** की पराजय **कन्नौज-बिलग्राम** में हुई; यह निर्णायक युद्ध माना जाता है
- **तुलसीदास** — **रामचरितमानस** (अवधी); **सूरदास** — **सूरसागर** (ब्रज); **कबीर** (वाराणसी, निर्गुण संत); **रैदास** (वाराणसी)
- **ताजमहल** UNESCO विश्व धरोहर (1983); **आगरा किला** (1983); **फ़तेहपुर सीकरी** (1986)

अवध, रुहेलखंड एवं बुंदेलखंड

राज्य	संस्थापक एवं तथ्य
अवध	**सआदत ख़ाँ बुरहान-उल-मुल्क** (1722; 1732 में स्वतंत्र); राजधानी **फ़ैज़ाबाद**; **सफ़दरजंग** (मुगल वज़ीर); **शुजाउद्दौला** (**बक्सर 1764** में पराजित); **आसफ़उद्दौला** (राजधानी **लखनऊ** 1775; **बड़ा इमामबाड़ा** — अकाल-राहत हेतु); **वाजिद अली शाह** (अंतिम नवाब; 1856 में अपदस्थ)
रुहेलखंड	**अली मुहम्मद ख़ाँ** ने बरेली में; **हाफ़िज़ रहमत ख़ाँ**; **रामपुर** रियासत; **नजीबुद्दौला**

राज्य	संस्थापक एवं तथ्य
बुंदेलखंड	**छत्रसाल** (पन्ना); **महोबा-कालिंजर** (चंदेल); **झाँसी** — **मराठा** (नारूशंकर) → **गंगाधर राव** → **रानी लक्ष्मीबाई**
मराठा	**बिठूर** (कानपुर) में **पेशवा बाजीराव द्वितीय** निर्वासित, **नाना साहब** दत्तक पुत्र
जाट / सिख / अंग्रेज़	**भरतपुर** के जाट; **ईस्ट इंडिया कंपनी** — **बक्सर (1764)** के बाद **इलाहाबाद की संधि (1765)**; **1801** में अवध का आधा भाग (रुहेलखंड, गोरखपुर, दोआब) कंपनी को; **1856** में अवध का विलय (कुशासन का आरोप)

- **अवध का अधिग्रहण (1856): लॉर्ड डलहौज़ी**; **वाजिद अली शाह** कलकत्ता (मटियाबुर्ज) निर्वासित; **बेगम हज़रत महल** ने 1857 में नेतृत्व किया

परीक्षा जाल

आगरा नगर के संस्थापक **सिकंदर लोदी** हैं (मुगल नहीं); मुगलों ने इसे राजधानी का स्वरूप दिया

फ़तेहपुर सीकरी का बुलंद दरवाज़ा **गुजरात विजय** की स्मृति में है (दक्कन नहीं)

इतिमाद-उद-दौला का मक़बरा जहाँगीर काल का है; **ताजमहल** शाहजहाँ काल का

बड़ा इमामबाड़ा (आसफ़उद्दौला) — अकाल-राहत निर्माण; भूल-भुलैया इसकी विशेषता

अध्याय 09

1857 का संग्राम एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तर प्रदेश

1857 की क्रांति

केंद्र	नेतृत्व / तथ्य
मेरठ	**10 मई 1857** — देशी सैनिकों का विद्रोह (चर्बी वाले कारतूस); 11 मई को दिल्ली कूच (**'दिल्ली चलो'**); संग्राम का आरंभ-स्थल
कानपुर	**नाना साहब** (धोंधू पंत; पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र); **तात्या टोपे**, **अज़ीमुल्ला ख़ाँ** (नाना के मंत्री); **सत्तीचौरा घाट** (27 जून 1857); **बीबीघर** कांड; अब **नाना राव घाट**
लखनऊ	**बेगम हज़रत महल** (पुत्र बिरजिस क़द्र; बाद में नेपाल में शरण, 1879 में काठमांडू में निधन); **रेजीडेंसी** की घेराबंदी (सर हेनरी लॉरेंस की मृत्यु); बाद में सर कॉलिन कैंपबेल
झाँसी	**रानी लक्ष्मीबाई** (18 जून 1858 को ग्वालियर के निकट वीरगति); **झलकारी बाई** (रानी के वेश में लड़ीं); **सर ह्यू रोज़** (अंग्रेज़ सेनापति)
इलाहाबाद	**लियाक़त अली**; **बनारस** — मिर्ज़ा वज़ीर अली; **फ़ैज़ाबाद** — **मौलवी अहमदुल्लाह शाह**; **बरेली** — **ख़ान बहादुर ख़ाँ**, **बख़्त ख़ाँ**; **गोरखपुर** — गजाधर सिंह; **मथुरा** — **देवी सिंह**
गोंडा / बलरामपुर	**रानी ईश्वरी कुमारी** (तुलसीपुर) ने अंग्रेज़ों का विरोध किया
बैरकपुर (बंगाल) / बलिया	**मंगल पांडे** (बलिया के मूल निवासी; **29 मार्च 1857** को विद्रोह, फाँसी 8 अप्रैल)
इटावा	**ए.ओ. ह्यूम** (बाद में कांग्रेस के संस्थापक) कलेक्टर — स्त्री-वेश में भागना पड़ा
महक परी	वाजिद अली शाह की पत्नी — **बेगम हज़रत महल** का मूल नाम **मुहम्मदी ख़ानम**; उपाधि 'इफ़्तिख़ार-उन-निसा'

- **'1857 की क्रांति' के 4 प्रमुख केंद्र:** कानपुर, लखनऊ, झाँसी, मेरठ — चारों उत्तर प्रदेश में
- **नाना साहब की पुत्री मैना** को बिठूर में जीवित जला दिया गया
- **ख़ान बहादुर ख़ाँ** (बरेली) ने स्वयं को रुहेलखंड का शासक घोषित किया; बरेली संघर्ष के अंतिम केंद्रों में रहा
- **उत्तर प्रदेश के प्रमुख व्यक्तित्व: बाबा रामचंद्र** (अवध किसान सभा), **गौरीशंकर मिश्र, इंद्रनारायण द्विवेदी, मदन मोहन मालवीय** (किसान सभा, फरवरी 1918)

राष्ट्रीय आंदोलन

वर्ष	घटना (उत्तर प्रदेश के संदर्भ में)
1888	कांग्रेस का **प्रयागराज (इलाहाबाद) अधिवेशन** — अध्यक्ष जॉर्ज यूल
1916	**लखनऊ अधिवेशन** — अध्यक्ष अंबिका चरण मजूमदार; **लखनऊ समझौता** (कांग्रेस-मुस्लिम लीग); गांधी-नेहरू की प्रथम भेंट
1918 (फरवरी)	उत्तर प्रदेश किसान सभा (मालवीय, गौरीशंकर मिश्र, इंद्रनारायण द्विवेदी)
1919	प्रतापगढ़ में **'नाई-धोबी बंद'** सामाजिक बहिष्कार आंदोलन

वर्ष	घटना (उत्तर प्रदेश के संदर्भ में)
1920 (17 अक्तूबर)	**अवध किसान सभा** — बाबा रामचंद्र
1921-22	रायबरेली-हरदोई-सीतापुर में **एका आंदोलन** — मदारी पासी
4 फरवरी 1922	**चौरी-चौरा** (गोरखपुर) — थाने में आग; 22 पुलिसकर्मी मारे गए; **गांधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस लिया**
9 अगस्त 1925	**काकोरी कांड** — **रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़उल्ला ख़ाँ, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह**; 17-19 दिसंबर 1927 को फाँसी
1928	**हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन** — चंद्रशेखर आज़ाद (अल्फ्रेड पार्क, प्रयागराज; **27 फरवरी 1931** वीरगति)
8 अप्रैल 1930	रायबरेली में **नमक कानून** भंग — **मोतीलाल नेहरू**
1935	किसान संघ; **1936** लखनऊ में **अखिल भारतीय किसान सभा** — **स्वामी सहजानंद सरस्वती**
1936-37	लखनऊ अधिवेशन (अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू); **1937** के प्रांतीय चुनाव के बाद **गोविंद बल्लभ पंत** संयुक्त प्रांत के प्रधानमंत्री
1942	**भारत छोड़ो** — **बलिया** में **चित्तू पांडे** के नेतृत्व में स्वतंत्र सरकार (**'बाग़ी बलिया'**); **जयप्रकाश नारायण** (बलिया के सिताबदियारा)

- झंडा-गीत **'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा'** के रचयिता **श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'** (कानपुर)
- **आनंद भवन** (प्रयागराज) — नेहरू परिवार का आवास; स्वराज भवन; **अल्फ्रेड पार्क (चंद्रशेखर आज़ाद पार्क)**
- **काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी** (2025) — **9 अगस्त 2025** को राज्य में समारोह

प्रारंभिक परीक्षा संकेत

मेरठ में **10 मई 1857**; बैरकपुर में मंगल पांडे — **29 मार्च 1857**
काकोरी (लखनऊ) — **9 अगस्त 1925**; चौरी-चौरा (गोरखपुर) — **4 फरवरी 1922**
'बाग़ी बलिया' = **चित्तू पांडे** (भारत छोड़ो आंदोलन)
झाँसी की रानी को **सर ह्यू रोज़** ने पराजित किया

अध्याय 10

स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश: प्रमुख सुधार एवं संस्थान

भूमि एवं पंचायती सुधार

वर्ष	सुधार / घटना
1947	उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम — ग्राम पंचायतों का आरंभ
1950-51	**उत्तर प्रदेश ज़मींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम** (ज़मींदारी का विलोपन 1 जुलाई 1952) — ज़मींदारी उन्मूलन में अग्रणी
1954	**चकबंदी अधिनियम** — जोतों की चकबंदी
1961	क्षेत्र समिति एवं ज़िला परिषद अधिनियम (अब क्षेत्र पंचायत एवं ज़िला पंचायत)
